
# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES

**INITIATIVES OF SANKALP JYOTI & SAFETY ALLIANCE ON ROAD SAFETY**

**[FROM YEAR-2016 TO TILL NOW]**













**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES
















**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES















# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES

प्रभात खबर | जर्नलिज्म जिंदगी का

# लाइफ @ पटना

पटना. गुरुवार
9.06.2016



स्टूडेंट्स को मिलीं कैरियर की राहें 13

## 35 प्रश्नों से जानेंगे दुर्घटना होने की वजह

लाइफ रिपोर्टर @ पटना



सर्वे में लोगों से जानकारी लेकर फॉर्म भरती टीम

बिहार में सड़क दुर्घटना का कारण क्या है? लोग किस कारण से सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं? इसे समझने के लिए 35 प्वाइंट्स पर रिसर्च हो रही है. संकल्प ज्योति संस्थान एवं सेफ्टी एलायंस के संयुक्त प्रयास से सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम छह जून से 15 जून तक चलाया जा रहा है. इस कार्यक्रम के तहत ही 'सड़क दुर्घटना के कारण' विषय पर रिसर्च भी की जा रही है. रिसर्च के लिए शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों से 35 प्वाइंट्स पर राय मांगी जा रही है. अब तक कंकड़बाग, बोरिंग रोड में रिसर्च वर्क हो चुका है. बुधवार को डाकबंगला पर रिसर्च वर्क का काम हुआ. इस दौरान 100 लोगों की राय ली गयी. इसमें 30 बाइक चालक, 25 कार चालक, 20 टेंपु चालक, 10 रिक्शा चालक. 7 साइकिल चालक एवं आठ पैदल चलने वालों से उनकी राय ली गयी. इस सर्वे में शहर की 10 जगहों यानी डाकबंगला, कारगिल चौक, दिनकर चौक, कंकड़बाग टेंपु स्टैंड, दानापुर, बस स्टैंड, पाटलिपुत्रा गोलंबर, बोरिंग रोड चौराहा, अनिसाबाद-बाइपास मोड़, जीरो माइल, पटना सिटी चौक एवं मीठापुर बस स्टैंड पर सर्वेक्षण किया जायेगा.

### रिक्शा व ऑटो चालक से होगा ग्रुप डिस्कशन

संस्थान के सेक्रेटरी संतोष कुमार कहते हैं कि रिसर्च में रिक्शा और ऑटो वाले फॉर्म को नहीं भर पा रहे हैं, इसलिए इनके साथ शाम को थोड़ा अंधेरा होने पर विभिन्न स्थानों पर ग्रुप डिस्कशन किया जायेगा. उनके द्वारा आयी प्रतिक्रिया की हम ग्रेडिंग करेंगे. उन्होंने कहा कि रिसर्च वर्क पूरा होने पर इसकी फाइनल रिपोर्ट तैयार की जायेगी. इसके बाद इस रिपोर्ट को ट्रैफिक एसपी, आपदा प्रबंधन विभाग के साथ विभिन्न विभाग को सौंपा जायेगा.

### आज लॉन्च होगा रोड सेफ्टी कैंपेन

संतोष कुमार ने बताया कि रोड सेफ्टी अवेयरनेस कैंपेन का उद्घाटन गुरुवार 11 बजे एसकेएम हॉल गेट से होगा. इसका उद्घाटन ट्रैफिक एसपी पीके दास करेंगे. इसमें युवाओं को रोड सेफ्टी के टिप्स दिये जायेंगे. उन्होंने कहा कि यंगस्टर्स को जागरूक किया जायेगा.

### कुछ प्वाइंट्स, जिस पर हो रही रिसर्च

वाहन चलाने के समय थकान महसूस होने पर, शराब पी कर वाहन चलाने पर, वाहन चलाने के दौरान अपने आगे वाले वाहन के काफी करीब रहने पर, तीव्र गति से वाहन चलाने पर, दर्द निवारक या नींद वाली दवा लेकर वाहन चलाने पर, नशीशे पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाने पर, खराब सड़कों के कारण, वाहन चलाने के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर जैसे 35 सवाल सड़क दुर्घटना के कारण जानने के लिए पूछे गये हैं. इसमें राय देने वाले हर व्यक्ति को हर सवाल के सामने एक, दो, तीन या चार लिखना है. एक में आंशिक, दो में ज्यादा, तीन में बहुत ज्यादा और चार को सबसे ज्यादा माना जायेगा.








**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES



पटना। रविवार • 17 जुलाई • 2016

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.c

## लापरवाही के कारण हो रहीं सड़क दुर्घटनाएं

सहारा न्यूज ब्यूरो

पटना। संकल्प ज्योति एवं सेफ्टी यलांस संस्था ने संयुक्त रूप से राजधानी के विभिन्न इलाकों में सड़क दुर्घटना के कारणों को लेकर सर्वे किया। शनिवार को संस्था ने सर्वे रिपोर्ट जारी करते हुए दुर्घटना का कारण वाहन चलाने के दौरान शराब पीना एवं अन्य लापरवाही करार दिया गया। बोरिंग रोड स्थित विश्व बुद्धा परिषद में सर्वे रिपोर्ट जारी करते हुए संस्था के कुमार अनंत ने कहा कि सर्वे मे लोगों से 3 प्रश्न पूछे गए थे। यह रिपोर्ट यातायात एसपी, आपदा प्रबंधन प्राधिकार एवं परिवहन विभाग को भी दिया जाएगा।



पटना, रविवार 17.07.2016 04

प्रभात खबर

**ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरुकता जरूरी : पटना.** संकल्प ज्योति संस्थान और सेफ्टी एलायंस की ओर से शनिवार को सड़क दुर्घटना पर सर्वे जारी किया गया. जिसमें एक हजार से अधिक लोगों के विचार लिये गये. सर्वे में लोगों ने माना कि नशा सड़क दुर्घटना की सबसे बड़ी वजह थी. वहीं, शारीरिक थकावट को लोगों ने सड़क दुर्घटना की दूसरी बड़ी वजह बतायी. संस्था के सचिव संतोष कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना को रोकने के लिये ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करना जरूरी है. मौके पर कुमार अंनत मोहन, अभय पांडेय, धर्मेंद्र, राजेश आदि उपस्थित थे.






**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES







हिन्दुस्तान

पटना • शुक्रवार • 13 जनवरी 2017 • 04

हलचल

## जंक्शन पर सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन


पटना। संकल्प ज्योति संस्था एवं सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में पटना जंक्शन पर टैक्सी चालकों के साथ सड़क सुरक्षा सप्ताह पर कार्यक्रम हुआ। मौके पर 100 से अधिक टैक्सी चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित सुरक्षा चिह्नों की जानकारी दी गई। पटना जंक्शन टैक्सी संघ अध्यक्ष रामाकांत सिंह ने कहा कि सड़क पर सभी को चलने का अधिकार है। ऐसे में किसी की थोड़ी सी लापरवाही भी दूसरों को खतरे में डाल सकती है। शराबबंदी से सड़क दुर्घटनाएं कम हुई हैं। मौके पर संस्था के हिमांशु झा, संतोष कुमार आदि थे।


STUDY ON
AWARENESS ON TRAFFIC RULES & SIGNS AMONG THE TRAFFIC POLICE, COMMUTERS & OTHERS

**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com


# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES














**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES











आज

पटना

गुरुवार, ७ सितम्बर, २०१७

८

## दस दिवसीय सड़क सुरक्षा पर शोध अभियान संपन्न

**पटना।** संकल्प ज्योति संस्था एवं सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान बुधवार को संपन्न हो गया। अभियान 28 अगस्त से 6 सितम्बर तक चला। इस दौरान 'यस, आई फॉलो रोड सेफ्टी रूल्स' विषय पर शोध भी किया गया। संस्था के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि शोध का विषय रहा 'अवेयरनेस ऑन ट्रैफिक रूल्स एण्ड साइन्स अमॉन्ग द कॅम्प्यूटर्स, ट्रैफिक पुलिस एण्ड अदर्स इन पटना'। इस दिनों तक चले अभियान में राजधानी के विभिन्न स्थलों पर वाहन चालक एवं राहगिरों से सवाल पूछे गये। उनसे ट्रैफिक रूल्स की जानकारी, सड़क के सुरक्षा संकेत आदि संबंधी सवाल किये गये।

**८ सितम्बर से विराट प्रदर्शन**


**SANKALP JYOTI**

Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020

M-09304832180/9430954712

Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES

DB पेज 4

दैनिक भास्कर
पटना, सोमवार, 30 अक्टूबर, 2017

## यातायात नियमों का हो रहा उल्लंघन

पटना | राजधानी के लोग यातायात नियमों का धड़ल्ले से उल्लंघन करते हैं। ज्यादातर लोग नियम जानते हुए भी उसका पालन नहीं करते हैं। यह निष्कर्ष संकल्प ज्योति संस्था की ओर से किए गए सर्वे में सामने आया है। संस्था के सचिव संतोष कुमार ने बताया ट्रैफिक नियम और चिन्ह पर जागरुकता के संदर्भ में पटना में हुए सर्वे में कंकड़बाग टेंपो स्टैंड, पटना सिटी चौक, जीरो माइल, बस स्टैंड, सगुना मोड़, अनिसाबाद मोड़ सहित राजधानी के 10 मुख्य चौराहों को शामिल किया गया। सर्वे में शामिल लोगों से ट्रैफिक नियमों पर सवाल किए गए। इसमें पाया गया कि 59.8 प्रतिशत लोग वाहन के हॉर्न के उपयोग को लेकर जागरूक हैं लेकिन वे इसका पालन नहीं करते हैं। इस तरह सीट बेल्ट के बारे में भी 50.6 प्रतिशत लोग जानते हैं लेकिन वे इसे नहीं मानते।

3

अपना शहर
पटना

पटना । सोमवार • 30 अक्टूबर • 2017 राष्ट्रीय सहारा

## 50 फीसद चालक नहीं जानते यातायात नियम

पटना (एसएनबी)। सड़क पर वाहन चलाने वाले 50 प्रतिशत चालक भी यातायात नियमों से अवगत नहीं हैं। यह खुलासा संकल्प ज्योति संस्था एवं सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के 'इंडियन रोड सेफ्टी रूल्स' सड़क सुरक्षा अभियान के तहत किए गए सर्वेक्षण में हुआ। यह सर्वेक्षण पटना जिले के दस स्थलों जिसमें कंकड़बाग टेम्पु स्टैंड, दिनकर गोलम्बर, पटना सिटी चौक, जीरो माईल बाईपास, मीठापुर बस स्टैंड आदि इलाकों में किया गया।

सर्वेक्षण में चालकों से कुछ बुनियादी सवाल पुछे गए, मसलन - गतिमान दो वाहनों के बीच रखी जानेवाली दूरी क्या है? ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए कौन-कौन से दस्तावेज जरूरी हैं? सफेद, पीली एवं खंडित यातायात रेखाएं क्या हैं? वर्षा के मौसम में पैदल चलने वालों की सुरक्षा, आपातकाल में वाहनों को रोकने संबंधी उपाय जैसे सवाल पूछे गए। लेकिन 50 प्रतिशत चालकों ने भी इन सवालों का जवाब नहीं दिया।

**ROAD SAFETY WORKSHOP**
**@**
**MAGADH MAHILA COLLEGE**
**ON 14/12/2017**








**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com









# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES

आपके मुद्दे, आपकी आवाज
DB स्टार
दैनिक भास्कर PATNA, FRIDAY, 15/12/2017

## सिटी CAMPUS

### मगध महिला में रोड सेफ्टी पर कार्यशाला, छात्राओं ने जाना ट्रैफिक नियम

# बाइक चलाते हुए मोबाइल पर बात दुर्घटना को न्यौता



मगध महिला कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर आयोजित कार्यशाला में बोलते एके वर्णवाल।

पटना • डीबी स्टार

मगध महिला कॉलेज में गुरुवार को रोड सेफ्टी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इंडियन रोड सेफ्टी कैंपेन और संकल्प ज्योति द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में कॉलेज की छात्राओं को रोड सेफ्टी के सुझाव दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी जिला परिवहन पदाधिकारी एनके बर्नवाल ने छात्राओं को सुझाव दिया कि गाड़ी चलाते समय ट्रैफिक के नियमों का पालन करना जरूरी है। बाइक या स्कूटी चलाने से पहले जरूर देख लें कि स्कूटी की ब्रेक और स्टीयरिंग ठीक से काम कर रही है या नहीं।

एनके बर्नवाल ने बताया कि आज के युवा बाइक चलाते वक्त मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। इसके कारण सड़क दुर्घटना बढ़ रही है। कार्यक्रम में दिल्ली से आए द रोड सेफ्टी कैंपेन के प्रतिनिधि मानस चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क दुर्घटना के कारण भारत में प्रतिदिन 382 लोगों की हत्या होती है। मानस ने अपने कैंपेन के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। छात्राओं को चार समूहों में बांटकर सड़क घटनाओं को रोकने के सुझाव मांगे गए। कार्यक्रम में कॉलेज की एनसीसी प्रमुख पुष्पलता और संकल्प ज्योति संस्था के सचिव संतोष कुमार ने अपनी बातें रखी।

**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES

आज

पटना

शुक्रवार, १५ दिसम्बर, २०१७ ८

## बिहार सड़क सुरक्षा नियमावली जल्द : बर्नवाल

पटना (आससे)। मगध महिला कालेज के सभाकक्ष में संकल्प ज्योति एवं सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में इंडियन रोड सेफ्टी कैंपेन एवं नेशनल




कैडेट कॉपर्स के सोजन्य से सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन डिप्टी जिला परिवहन पदाधिकारी एन के बर्नवाल आइ आर एस सी के मानस चौधरी एवं कालेज के एन एसी सी पदाधिकारी डा. पुष्पलता ने दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन संस्था के सचिव संतोष कुमार ने किया। इस अवसर पर श्री बर्नवाल ने बिहार सड़क सुरक्षा नियमावली के जल्द लागू होने की बात कही। इंडियन रोड सेफ्टी कैंम्पेन के प्रतिनिध मानस चौधरी ने कालेज स्वर पर इसके सेफ्टी से जुड़े पहलुओं पर अपनी बात रखी। महाविद्यालय की प्राध्यापिका व एन सी सी समन्वयक डा. पुष्पलता ने सड़क सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्धता से चिंतन करने की बात कही। कार्यक्रम में रोड सेफ्टी वर्सेज ट्रैफिक मेनेजमेंट विषय पर समूह चर्चा व परिचर्चा का आयोजित की गयी। इस अवसर पर सारिका रानी, सोनी कुमारी, नैन्सी कर्मशील उपस्थित रही।

शुक्रवार • 15 दिसम्बर 2017 22

हिन्दुस्तान

## यातायात नियमों को जरूर समझें

पटना। बढ़ रहीं सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है बेतरतीब तरीके से वाहनों का परिचालन। शहरों में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। खासकर एनएच पर जहां घनी आबादी बसी है। ये बातें असिस्टेंट डीटीओ एनके वर्णवाल ने मगध महिला कॉलेज में आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में छात्राओं से कही।

सड़क दुर्घटना से बचने के लिए हमें कभी ओवरटेक नहीं करना चाहिए। जहां भी मोड़ आये। गाड़ी धीरे कर लें और सबसे बड़ी बात है दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करें, क्योंकि अगर सड़क दुर्घटना में सिर सुरक्षित है तो आदमी के बचने की संभावना अधिक होती है। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर शशि शर्मा ने किया। असिस्टेंट डीटीओ ने कहा कि 2013 में बिहार सड़क दुर्घटना के मामले में देश में 5वें स्थान पर था। 2016 में चौथे स्थान पर पहुंचा है। 18-25 साल युवाओं का सड़क दुर्घटना में मौत की संख्या सबसे अधिक है। खासकर युवाओं को जरूरत है कि यातायात के नियमों का पालन करें। गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इस मौके पर कॉलेज की छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

**ROAD SAFETY WORKSHOP**
**@**
**A.N. COLLEGE**
**ON 19/12/2017**







**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES















**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES

पटना, बुधवार, 20 दिसंबर, 2017 | 12

दैनिक भास्कर

### एएन कॉलेज में सड़क दुर्घटना एवं यातायात व्यवस्था पर कार्यशाला

## पीली लाइट जले तो 4 सेकंड में पार करें सड़क

सिटी रिपोर्टर|पटना

हर दिन सड़क पर चलने वाले लोग भी सिग्नल के बारे में नहीं जानते। लाल, पीली और हरी बत्ती जलने का मतलब क्या होता है, इस पर ट्रैफिक एसपी प्राणतोष कुमार दास ने विस्तार से जानकारी दी। एएन कॉलेज में संकल्प ज्योति की ओर से सड़क दुर्घटना एवं यातायात व्यवस्था पर आयोजित कार्यशाला में उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यदि आपके पार होते-होते पीली बत्ती जल जाए और आप स्टॉप लाइन से आगे बढ़ गए हैं, तो जेब्रा क्रॉसिंग पार करने के लिए आपको 4 सेकंड दिया जाता है। लेकिन, इसके बाद यदि कोई जेब्रा क्रॉसिंग पार करता है तो



कार्यशाला का उद्‌घाटन करते ट्रैफिक एसपी प्राणतोष कुमार दास और अन्य अतिथि।

उन्हें ट्रैफिक नियम के उल्लंघन का दोषी माना जाता है। ट्रैफिक एसपी ने कहा कि इस वर्ष सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान राजधानी के 10 शैक्षणिक संस्थानों के 40-40 बच्चों के समूह बनाया जाना है। जिन्हें मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा। वे बच्चे अपने-अपने स्कूलों में बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देंगे।

**15 से 24 साल के युवा हैं शिकार :** सेव द चिल्ड्रन के मुकुल कुमार ने कहा कि वाहनों की संख्या और अनियंत्रित ड्राइविंग सेंस के कारण ही दुर्घटनाएं होती हैं। जागरूकता की अधिक जरूरत है। दुर्घटना के सबसे अधिक शिकार 15 से 24 वर्ष के बच्चे होते हैं। संकल्प ज्योति के सचिव संतोष कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा का ये अभियान 10 शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला में नम्रता कुमारी, नैन्सी कर्मशील, सोनी कुमारी, संजय कुमार और विवेकानंद ओझा उपस्थित थे।

---

आज | पटना | ११ | बुधवार, २० दिसम्बर, २०१७ | पटना महानगर

## छात्रों को बनाऊंगा मास्टर ट्रेनर : दास

( आज समाचार सेवा )

पटना। संकल्प ज्योति संस्था एवं सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में इंडियन रोड सेफ्टी कैंपेन एवं नेशनल कैडेट कॉर्पस एनसीसी के सौजन्य से सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अनुग्रह नारायण कालेज के सभाकक्ष में मंगलवार को किया गया। कार्यशाला का उदघाटन पटना यातायात पुलिस अधीखक प्राणतोष कुमार दास सेव द चिल्ड्रेन के मुकुल कुमार एवं कालेज के एनसीसी प्रभारी दिपेन राशा ने दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन सचिव संतोष कुमार ने किया। मुख्य अतिथि पी.के. दास ने बतायाा क यातायात नियम में लाल, पीला एवं हरा बत्ती का मतलब क्या होता है। उन्होंने पीला बत्ती पर कहा कि यदि चौराहे पर ट्रैफिक लाइट पीली हो जाये और वाहन स्टॉप लाइन को क्रॉस करता है, तो उसे चार सकेण्ड के अन्दर जेब्रा क्रॉसिंग को क्रास करते हुए आगे बढ़ने का मौका दिया जाता है। उन्होंने कहा कि संकल्प ज्योति संस्था द्वारा आयोजित किये जा रहे १० शैक्षणिक संस्थानों के ४०-४० समूह के छात्रों को मैं सड़क सुरक्षा पर मास्टर ट्रेनर बनाऊंगा, जो अपने कालेज स्कूल में अन्य बच्चों को प्रशिक्षण दे कर जागरूक करेंगे। सेव द चिल्ड्रेन के मुकुल कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना के शिकार अधिकतर १५ से २५ आयुवर्ग के लोग ही होते हैं। इनके बीच सड़क सुरक्षा कार्यक्रम पूरे वर्ष संचालित करने की अवश्यकता है।



कॉलेज के एनसीसी प्रभारी दिपने राशा ने कहा कि इस कॉलेज के एनसीसी के कैडेट सड़क सुरक्षा के प्रति हमेशा जागरूक है। संकल्प ज्योति संस्था के सचिव संतोष कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान राजधानी के १० शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया जा रहा है, जो जनवरी तक चलेगा।

इस अवसर पर संस्था की ओर से नम्रताकुमारी, नैन्सी कर्मशील, सोनी कुमारी, संजय कुमार एवं बिहार वालंटरी हेल्थ एसोसियेशन के विवेकानंद ओझा भी उपस्थित थे।

---

हिन्दुस्तान | पटना • बुधवार • 20 दिसम्बर 2017 • 04

### बताए यातायात के नियम

पटना। सड़क सुरक्षा के तहत एएन कॉलेज में ट्रैफिक एसपी प्राणतोष कुमार दास ने विद्यार्थियों को यातायात की बारीकियां बताईं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित की जा रही कार्यशाला में 40-40 समूह के छात्रों को सड़क सुरक्षा पर मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा, जो कि अपने कॉलेज-स्कूल में अन्य बच्चों को प्रशिक्षण दे कर जागरूक करेंगे।

---

**ROAD SAFETY WORKSHOP**
**@**
**ORIENTAL COLLEGE**
**ON 03/02/2018**


**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES
















**ROAD SAFETY WORKSHOP**
**@**
**ARVIND MAHILA COLLEGE**
**ON 05/02/2018**

**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES




















**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES








प्रभात खबर prabhatkhabar.com


लाइफ पटना — पटना, मंगलवार 6.02.2018 — 10

## अरविंद महिला कॉलेज में रोड सेफ्टी को लेकर हुई परिचर्चा

लाइफ रिपोर्टर @ पटना

संकल्प ज्योति संस्था एवं सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में इंडियन रोड सेफ्टी कैंपेन एवं एनसीसी के सहयोग से सड़क सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अरविंद महिला कॉलेज सभागार में किया गया. कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल मनीष कुमार (एनसीसी. ग्रुप कमाण्डर) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता प्रोफेसर ऊषा झा ने की. इस कार्यशाला में 55 छात्रओं ने उत्सुकता के साथ भाग लिया. मुख्य अतिथि कर्नल मनीष कुमार ने अपने अभिभाषण में बताया कि सड़क सुरक्षा पर जागरूकता आज के समय की जरूरत है. लोग वाहन चलाते वक्त समय और सड़क ही देखते हैं, परन्तु वाहन की गति का उन्हें जरा भी ख्याल नहीं होता. जरा–सी असावधानी बरतने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिससे सिर्फ एक व्यक्ति प्रभावित नहीं होता बल्कि एक परिवार भी प्रभावित हो जाता है. एक आंकड़े के अनुसार प्रतिवर्ष 5,00,000 सड़क हादसे हमारे देश में हो रहे हैं और लगभग 150,000 लोगों की इस हादसे से मौत हो जाती है.

मौके पर संस्था की ओर से सचिव संतोश कुमार, सड़क सुरक्षा अभियान से जुड़े सुश्री नैनसी कर्मशील, शिखा रानी, खुशी कुमारी, नम्रता कुमारी एवं सारिका रानी उपस्थित थीं. कॉलेज की कई छात्राएं व टीचर्स मौजूद थे.



आज — पटना — मंगलवार, ६ फरवरी, २०१८ — ६

## सड़क दुर्घटना पूरे परिवार के लिए दर्दनाक : क. मनीष

पटना (आससे)। यातायात नियमों की जरा-सी अनदेखी बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाती है, जिससे सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होता है। उक्त बातें कर्नल मनीष कुमार (एनसीसी ग्रुप कमाण्डर पटना) ने कहीं। कर्नल मनीष

### सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला

सोमवार को श्री अरविन्द महिला कालेज के सभागार में सड़क सुरक्षा पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्रो. ऊषा झा ने की।

मुख्य अतिथि ने कहा कि एक आंकड़े के अनुसार देश में प्रति वर्ष ५ लाख हादसे होते हैं, जिसमें लगभग १.५ लाख लोग असमय काल कवलित हो जाते हैं। सड़क सुरक्षा पर जागरूकता को आज के समय की जरूरत बताते हुए उन्होंने वाहन चलाने एवं सड़क पर चलने के दौरान पूरी तरह से सतर्क रहने पर जोर दिया। कालेज की प्रधानाचार्या प्रो. ऊषा झा ने कार्यशाला को महत्वपूर्ण और जागरूकता फैलाने वाला बताया। इस अवसर पर कालेज की ओर से डा. प्रेमी कुमार, प्रो. साधना ठाकुर, प्रो. पूनम चौधरी, डा. बी मौर्या, डा. कुमार प्रिया, डा. अर्चना त्रिपाठी व कालेज की कई छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विषय के प्रति अपने विचार सभा में रखे।

शिक्षा-रोजगार

दैनिक भास्कर, पटना, मंगलवार, 06 फरवरी, 2018

## अरविंद महिला में सड़क सुरक्षा पर जागरुकता कार्यक्रम

पटना|अरविंद महिला कॉलेज में सोमवार को संकल्प ज्योति संस्था और सेफ्टी एलायंस की ओर से सड़क सुरक्षा पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि पटना एनसीसी के ग्रुप कमांडर कर्नल मनीष कुमार रहे। प्राचार्या प्रो. पूनम चौधरी, प्रॉक्टर उषा झा डॉ. प्रेमी कुमार, प्रो. साधना ठाकुर, डॉ. बी. मौर्या आदि मौजूद रहीं।

**ROAD SAFETY WORKSHOP**
**@**
**COMMERCE COLLEGE**
**ON 19/02/2018**

**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES













**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES











# शिक्षा-रोजगार

दैनिक भास्कर, पटना, मंगलवार, 20 फरवरी, 2018

कॉलेज ऑफ कॉमर्स में रोड सेफ्टी पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि ट्रैफिक एसपी पीके दास, एनके वर्णवाल व अन्य।

## ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए किया जागरूक

सिटी रिपोर्टर | पटना

संकल्प ज्योति एवं सेफ्टी एलायंस की ओर से इंडियन रोड सेफ्टी कैंपेन का आयोजन कॉमर्स कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी ने भी सहयोग दिया। विशिष्ट अतिथि एनके वर्णवाल ने कहा सीट बेल्ट, हेलमेट के प्रयोग से सड़क दुर्घटना से होने वाले जोखिम को कम किया जा सकता है। यातायात नियम एवं चिन्हों का पालन कर हम सभी सड़क दुर्घटना एवं ट्रैफिक जाम की संभावना को कम कर सकते हैं। भारत में होनेवाली सड़क दुर्घटना में बिहार का 10वां स्थान है। वहीं बिहार में पटना का चौथा स्थान है। जागरूकता एवं यातायात नियमों एवं चिन्हों के बारे में प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

मुख्य अतिथि ट्रैफिक एसपी प्राणतोष कुमार दास ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटना के कारणों में यातायात नियमों का उल्लंघन, यातायात नियमों की जानकारी का अभाव, वाहन चालक की गलती तथा सड़कों एवं पुलों की संरचनात्मक समस्या महत्वपूर्ण कारण है। पटना की कुछ प्रमुख सड़कों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सख्त कानून एवं वन-वे ट्रैफिक करने की आवश्यकता है। मौके पर कीर्ति, संतोष कुमार, नैंसी कर्मशील, सारिका रानी एवं सोनी कुमारी मौजूद थीं।

**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES

पटना
मंगलवार, २० फरवरी, २०१८ **3** आज

## पटना महानगर

# ट्रैफिककर्मियों को भी नियमों की जानकारी नहीं : एसपी




### सड़क सुरक्षा दिवस पर कार्यशाला

पटना (आससे)। सोमबार को कालेज ऑफ कामर्स आर्टस एंड साइंस के सभाकक्ष में सकल्प ज्योति एवं सेफ्टी एलांयस के संयुक्त तत्वावधान में इंडियन रोड सेफ्टी कैम्पेन एवं एनसीसी के सहयोग से सड़क सुरक्षा दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कालेज के प्राध्यापिका कीर्ति ने की। कार्यशाला का शुभारंभ पटना यातायात पुलिस अधीक्षक प्राणतोष कुमार दास वं पटना जिला परिवहन अपर पदाधिकारी एनके वर्णवाल ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर श्री वर्णवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना के प्रति लोगों को जागरूकता एवं सजकता आज के समय में अत्यंत जरूरत हैं। सड़क दुर्घटना से बचने के लिए लोग सीट बेल्ट, हेलमेट पहनकर बाहन चलाये, ताकि दुर्घटना से बच सकें। वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग कदापि न करे।

उन्होंने बताया कि भारत का विश्व का मात्र १ प्रतिशत वाहन प्रयोग होता है, परन्तु यहां विश्व का १० प्रतिशत दुर्घटनपा होती है। बिहार का भारत में सड़क दुर्घटना का १० वां स्थान एवं पटना का ४ वां स्थान है। उन्होंने कहा कि यह जागरूकता एवं प्रशिक्षण विशेषकर १५ से २५ आयूवर्क के किशोर-किशोरियां एवं युवाओं में जागरूक करने की अत्यंत आवश्यकता हैं।

श्री प्राणतोष कुमार दास ने बताया कि सड़क दुर्घटना के मुख्य कारण यातायात नियमों का उल्लघन, यातायात नियमों की जानकारी का अभाव , वाहन चालक की गलती तथा सड़को एवं पुलों की संरचनात्तातक समस्याह ै। उन्होंने लोगों को बताया कि हमेशा पीली बत्ती जलने के बाद जेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन चलाकर पार न करें। उन्होंने कहा कि ९८९ प्रतिशत यातायात पुलिस को यातायात नियमो की जानकारी का अभाव है, इसके लिए उनका क्षमतावर्द्धन प्रशिक्षण की अत्यंत आवश्यकता है। पटना की कुछ प्रमुख सड़कों को ट्राफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सख्त कानून एवं वन-वे ट्राफिक करने की आवश्यकता है।

प्रध्यापिका कीर्ति ने कहा कि सड़क दुर्घटना के प्रति अगर समय रहते हम सभी सचेत नहीं हुए, तो आने वाले दस वर्षो में पटना मोत का पांचवा स्थान बन जायेगा। इसके लिए सभी स्तर पर जानकारी , जागरूकता तथा प्रशिक्षण की अत्यंत आवश्यकता है। कार्यशाला में संकल्प ज्योति संस्था के सचिव संतोष कुमार ने भी विचार प्रकट किये। कार्यशाला में नन्सी कर्मशील, सारिका रानी, सोनी कुमार एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**ROAD SAFETY WORKSHOP**
**@**
**J.D.WOMEN'S COLLEGE**
**ON**
**23/02/2018**

**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES
























**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES







दैनिक भास्कर पटना, शनिवार, 24 फरवरी, 2018 | 12 पटना

## गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात करने से बढ़ रहे हादसे

### सड़क सुरक्षा पर जेडी वीमेंस में कार्यशाला

सिटी रिपोर्टर। पटना

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व्यास जी ने कहा कि मानवीय भूल के कारण ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। आजकल गाड़ी चलाते समय और सड़क पर पैदल चलते समय मोबाइल पर बात करना आमबात हो गई है। इस दौरान लोगों का ध्यान सड़क पर नहीं होता है। यह छोटी-सी भूल बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाती है। उन्होंने छात्राओं से गाड़ी चलाते समय और सड़कों पर चलते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने की अपील की। वे शुक्रवार को जेडी वीमेंस कॉलेज के सभागार में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनसीसी, इंडियन रोड सेफ्टी कैंपेन के सहयोग से संकल्प ज्योति संस्था और सेफ्टी एलांयस के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में मानवीय भूल के कारण राज्य में 5500 लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। प्राधिकरण द्वारा सड़क सुरक्षा सत्याग्रह अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने समाजसेवी संगठनों से इस अभियान में शामिल होने की अपील की। कॉलेज की प्राचार्य शशि सिंह ने छात्राओं से सड़क पर चलने के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, सजग होकर चलने की अपील की। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रही डॉ. रीता दास ने सड़क सुरक्षा विषय पर लगातार चर्चा करने की आवश्यकता पर बल दिया। मौके पर संकल्प ज्योति संस्था के सचिव संतोष कुमार, संस्था की सदस्य सारिका रानी, शिखा रानी उपस्थित थे।




जेडी वीमेंस कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का उद्घाटन करते आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व्यास जी।

हिन्दुस्तान पटना • शनिवार • 24 फरवरी 2018 • 12

## सड़क पार करते समय न करें मोबाइल का प्रयोग

पटना। सड़क पार करते समय मोबाइल का उपयोग जानलेवा हो सकता है। इसलिए जब भी सड़क पार करें और जरूरी हो तो सड़क किनारे होकर मोबाइल पर बात करें। ये बातें बिहार आपदा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व्यास जी ने कही। शुक्रवार को जेडी वीमेंस कॉलेज में आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में बोल रहे थे। मौके पर शशि सिंह, डॉ रेखा मिश्रा और डॉ रीता दास मौजूद रही।


**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES



prabhatkhabar.com

लाइफ @ पटना

पटना, शनिवार 24.02.2018

11

## सड़क पर चलते समय न करें मोबाइल पर बात

कार्यशाला को संबोधित करते अतिथि व उपस्थित अन्य.

**लाइफ रिपोर्टर @ पटना**

जेडी वीमेंस कॉलेज के सभाकक्ष में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनसीसी एवं इंडियन रोड सेफ्टी कैंपेन के सहयोग से संकल्प ज्योति संस्था एवं सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कार्यशाला के मुख्य अतिथि बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व्यास द्वारा दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया. कार्यशाला की अध्यक्षता कॉलेज की संगीत विभाग की प्रमुख डॉ. रीता दास ने किया. इस अवसर पर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या डॉ शशि सिंह ने सभी का स्वागत किया. मुख्य अतिथि व्यास ने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को आपदा प्रबंधन एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा प्राकृतिक आपदा एवं मानव निर्मित आपदा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना मानवीय भूल होती है. यह मानवीय भूल निर्माण में होती है या व्यवहार में होती है. ज्यादातर सड़क दुर्घटना मानवीय भूल के कारण होती है. जिसमें मोबाईल फोन प्रयोग बहुत हीं खतरनाक हो गया है. लोग सड़कों पर वाहन चलाते हुए, पैदल चलते हुए मोबाइल फोन का प्रयोग करते हैं जिससे उनका ध्यान सड़कों पर नहीं होता है और छोटी सी उनकी भूल किसी बड़ी दुर्घटना का करण बन जाती है. उन्होंने बताया कि बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा सड़क सुरक्षा पर जागरूकता हेतु सड़क सुरक्षा सत्याग्रह अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान में लोगों को सड़क सुरक्षा नियम के बारे में जानकारी दी जा रही है.

**ROAD SAFETY WORKSHOP**
**@**
**ARYA KANYA HIGH SCHOLL**
**ON**
**24/02/2018**






**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES
















**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES



आज

पटना

रविवार, २५ फरवरी, २०१८

## सड़क दुर्घटना खामोश आपदा

पटना ( आससे )। सड़क पर चलने का अधिकार सिर्फ वाहनों का नहीं, बल्कि सबसे पहला अधिकार पैदल चलने वालों का है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन खुद भी करना चाहिए और दूसरें को भी प्रेरित करना चाहिए। आर्य कन्या उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शिक्षिका सुरी विजंया ने कहीं।

इस कार्यक्रम को संकल्प ज्योति संस्था एवं सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनसीसी एवं इंडियान रोड सेफ्टी कैंपेन के सहयोग से आयोजित किया गया था। यश ! आई फॉलो रोड सेफ्टी रूल्स की थीम पर आयोजित इस कार्यशाला में विद्यालय की शिक्षिकाओं के साथ-साथ ५५ छात्राओं ने भाग लिया। शिक्षिका सुश्री मनीषा ने छात्राओं को पार्किंग नियमों का पालन करने, वाहनों पर बैठने के नियमों, पैदल यात्रियों के लिए जेब्रा क्रॉसिंग का महत्व व अन्य यातायात नियमों पर ज्ञानवर्द्धन किया।

इस अवसर पर सारिका रानी, नम्रता कुमारी, सोनी व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**ROAD SAFETY WORKSHOP**
**@**
**KENDRIYA VIDYALAYA, KANKARBAGH**
**ON**
**26/02/2018**






**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com


# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES
















**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com

# YES! I FOLLOW ROAD SAFETY RULES



पटना
मंगलवार, २७ फरवरी, २०१८

आज पटना महानगर

## सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता आवश्यक : दास

पटना (आससे)। संकल्प ज्योति संस्था एवं सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में एनसीसी एवं इंडियन रोड सेफ्टी कैंपेन के सहयोग से सोमवार को केन्द्रीय विद्यालय में सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राधानाचार्य एमके सिंह ने की।

मुख्य अतिथि यातायात पुलिस अधीक्षक प्राणतोष कुमार दास ने कहा कि आज के समय में छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है। सभी स्कूलों में इसके प्रति आगयक करना चाहिए। प्रत्येक स्कूल में प्रतिदिन प्रार्थना के समय सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में बतायें। उन्होंने कहा कि राज्यभर में स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम लागू हो रहा है। साही रेड लाइट वायोलेकशन डिटेक्शन, स्पीड वयोलेशन आदि के कैमरे लगाये जा रहे हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्री सिंह ने आग्रह किया कि हमारे विद्यालय के बच्चों को एक दिन आकर यातायात नियमों के बारे में जानकारी दें। कार्यशाला में संस्था के सचिव संतोष कुमार, नेन्सी कर्मशील, सारिका रानी, शिखा रानी, सोनी कुमारी, नम्रता कुमारी सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



शिक्षा-रोजगार

दैनिक भास्कर, पटना, मंगलवार, 27 फरवरी, 2018

## बच्चों को किया गया जागरूक

सिटी रिपोर्टर | पटना

संकल्प ज्योति संस्था और सेफ्टी एलायंस की ओर से सोमवार को केंद्रीय विद्यालय, कंकड़बाग में सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। ट्रैफिक एसपी पीके दास ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों को समय-समय पर कराने की जरूरत है। प्रत्येक स्कूल में ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। दास ने बताया कि पटना सहित पूरे राज्य में बहुत जल्द स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम लगाया जाएगा। अगर कोई यातायात नियम तोड़ता पाया जाता है तो उसका चालान कट जाएगा।

प्रधानाचार्य एमके सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा के बारे में सभी बच्चों को जानकारी होनी चाहिए। मौके पर संस्था के सचिव संतोष कुमार, सारिका रानी, शिखा रानी, सोनी कुमारी व नम्रता कुमारी मौजूद थे। कार्यक्रम में बच्चों को ट्रैफिक नियम बताने के बाद शपथ भी दिलवाई गई।

**ROAD SAFETY WORKSHOP**
**@**
**SHASTRI NAGAR GIRLS HIGH SCHOLL**
**ON**
**07/03/2018**

















**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com



**SANKALP JYOTI**
Ashok Nagar-1, Last, Kankarbagh, Patna-800020
M-09304832180/9430954712
Email: sankalpjyoti23@gmail.com